सार-समाचार

अमराराम मेघवाल का स्वागत

रेवदर, (निसं)। नवनियुक्त भाजपा जिला मंत्री सिरोही अमराराम मेघवाल का जगह-जगह स्वागत किया गया। उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने साफा एवं फूलमाला के साथ उनका अभिनंदन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अमराराम सबसे पहले जागरूक गौशाला आशीर्वाद लेने पहुंचे। जहां पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने उनका साफा पहनाकर एवं मुंह मीठाकर बधाई दी। इसी कड़ी में जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, मंडल अध्यक्ष लौहार, महामंत्री दशरथ सोनी ने भी साफा एवं माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने शुभकामनाएं देते हुये कहा की मेघवाल के जिला मंत्री बनने से पार्टी को क्षेत्र के साथ साथ पूरे जिले में मजबूती मिलेगी। स्वागत के दौरान जिला मंत्री अमराराम मेघवाल ने कहा कि पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यकर्ताओं के हित में काम करने का वचन दिया एवं सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की, ताकि भाजपा को आने वाले चुनावों में और भी बडी सफलता मिल सके। उनके स्वागत समारोह में भाजपा के कार्यकर्ताओं का उत्साह साफ तौर पर दिखाई दे रहा था। इस अवसर पर पूर्व युवा मोर्चा जिलामंत्री उपाध्यक्ष ईश्वर , सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला मंत्री गेपाराम देवासी, एससी मोर्चा मानाराम मेघवाल,पूर्व मीडिया प्रवक्ता तरुण कीर्तिमान सिंह जसोल, मंछाराम, खेताराम रोशन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

सांचौर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के उपलक्ष में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली के मुख्य आतिथ्य में सांचौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव बोरली, सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव, सांचौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गंगदाराम चौधरी, सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाणा, चितलवाना मंडल अध्यक्ष सांवलाराम माली द्वारा दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह राव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रमुख भारतीय राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् और वकील थे। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ था। वह एक प्रतिभाशाली छात्र थे और उन्होंने अपनी शिक्षा कलकत्ता विश्वविद्यालय से प्राप्त की। बाद में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से कानून की पढाई की। डॉ. मुखर्जी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत हिंदू महासभा के साथ की। उन्होंने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी विरासत आज भी भारतीय राजनीति में प्रभावशाली है। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली जिला मीडिया संयोजक भावेश सोनी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव सांचौर नगर अध्यक्ष शंभूसिंह राव, सांचौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गंगदाराम चौधरी, सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह सरवाणा चितलवाना मंडल अध्यक्ष सांवलाराम माली सत्यपुर मंडल महामंत्री उपप्रधान प्रतिनिधि गजेंद्रसिंह कारोला, सोहनलाल खत्री ,अमराराम देवासी, चेनाराम चौधरी हरीश गर्ग, अर्जुन माली, पार्षद पवन जीनगर, भीखाराम विश्नोई, अमराराम चौधरी, डूंगरसिंह करोला, भरत जीनगर, हुकमाराम प्रजापत, शांतीलाल मेघवाल, प्रेमाराम, मांगीलाल प्रजापत, दिलीप चौधरी सहित कई जने उपस्थित रहे।

जूनियर नेशनल वुशू में तीन पदक जीते

जालोर, (कासं)। भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में हैदराबाद में आयोजित हुई 24वीं जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में जिले के खिलाडियों ने दो सिल्वर एक कांस्य सहित कुल तीन पदक जीतकर जिले का मान बढाया। जिला वुशू संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने बताया कि 1 से 6 जुलाई तक आयोजित हुई जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में जिले के 5 खिलाडियों ने कोच प्रितम सिंह राठ्ठौड व कोच देवेश आर्य के नेतृत्व में भाग लिया। जिनमें से 48किलो भारवर्ग में इशिता चौधरी व 52 किलो भारवर्ग में हिमानी ने राजस्थान के लिये सिल्वर मैडल हासिल किया। वहीं 60 किलो भारवर्ग में दिव्या गोदारा ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर जालोर सहित राजस्थान का सम्मान बढाया।गौरतलब है कि जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता में पहली बार जिले से 5 खिलाडियों ने भाग लेकर 3 पदक हासिल किए हैं। जिले के वुशू खिलाडियों की उपलब्धि पर राजस्थान वूशु संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया, महासचिव ममता वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वुशू कोच राजेश कुमार टेलर,जिला वूशु संघ के संरक्षक दलपतसिंह आर्य,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल,आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य,आर्य वीर दल जालोर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, संचालक प्रशांत सिंह,संगठन मंत्री कांतिलाल आर्य सहित जिले भर के वुशू खिलाडियों ने खुशी जाहिर की है।

बूथ संख्या 225 पर कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती के उपलक्ष में बूथ संख्या 225 के बूथ अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद अशोक गुर्जर के निवास राजेंद्र नगर में मुख्य अतिथि के रूप में जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माला एवं पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने को कहा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी, जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, मंडल महामंत्री सुरेश सुंदेशा, महेश भट्ट , बूथ अध्यक्ष बूथ क्रमांक 225 अशोक गुर्जर, गोकुलराम अचल सिंह, शंकर सिंह राजपुरोहित, दिलीप सोलंकी, दिनेश महावर पूर्व पार्षद सुरेश गुर्जर लाभूसिंह गुर्जर, भुवनेश राव, जितेंद्र सिंह गुर्जर, ताराराम माली, उम्मेद सिंह गुर्जर, किशन गुर्जर, पूर्व पार्षद ललिता गुर्जर,पूजा गुर्जर , सम्मू देवी, खुशी गुर्जर, ओखी देवी समेत कई जने उपस्थित रहे।

भामाशाह मणिलाल टिन शेड देंगे

सांचौर, (कासं)। समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए सांचोर के भामाशाह मणिलाल बिश्नोई ने अपना जन्मदिन धमाणा स्थित अमृता देवी वन्यजीव उद्यान में हिरणों के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने हिरणों को चना खिलाया और वर्षा ऋतु में वन्यजीवों को होने वाली परेशानी को देखते हुए 15 लाख की लागत से टिन शेड बनवाने की घोषणा की। मणिलाल बिश्नोई ने कहा कि बारिश के मौसम में हिरणों को आश्रय नहीं मिलने से उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में टिन शेड का निर्माण वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि वन्य प्राणियों की सेवा करना मानवता का सबसे बडा धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम युवा पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाएंगे तो भविष्य में वे वन्यजीवों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मणिलाल मांजू, घमंडाराम,राजूराम गुरु, श्रवण कुमार, सुखराम मांजू सहित कई ग्रामीण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे और सभी ने इस सेवा कार्य की सराहना की।

दो छात्रों व प्रधानाचार्य रावल का सम्मान

रेवदर, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान विद्या भारती दसवीं बोर्ड 2025 की 10 वीं परीक्षा की वरीयता में स्थान बनाकर कीर्तिमान रचने वाले आदर्श विद्या मंदिर रेवदर के दो छात्रों को सम्मान मिला। जिसमें रवि कुमार पुत्र चौपाराम 97.83 प्रतिशत व तरुण कुमार पुत्र घनश्याम लाल 97.83 प्रतिशत प्राप्त करने पर प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्य स्तर पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही विद्या मंदिर के उत्कृष्ट परिणाम को लेकर विद्या मंदिर का सिरोही जिले का दशमी बोर्ड का सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्रधानाचार्य प्रवीण रावल का राजस्थान क्षेत्र स्तर पर सम्मानित कर बहुमान किया गया।

196 वाहन चैक, 13 का पर्चा बी भरा

जोधपुर, (कांस)। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह जोधपुर के निर्देशानुसार आयुक्तालय में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों की पालना के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोनों जिलों पूर्व एवं पश्चिम में कुल 196 संदिग्ध वाहन चैक किए गए तथा राजकोप ऐप पर कुल 109 संदिग्ध व्यक्तियों का फोटो मिलान के साथ 13 संदिग्ध व्यक्तियों का पर्चा बी भरा गया। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 29 वाहन चालकों का 185 एमवी एक्ट के तहत, दो बंपर लगे, तीन काला शीशा लगे, तीन रॉन्ग साइड, एक खतरनाक तरीके, दो टैक्सी चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालान तथा 60 पुलिस एक्ट में 11 कार्रवाई की गई।

प्रदेश सरकार पारदर्शी प्रशासन के लिए कटिबद्ध : पटेल

जोधपुर, (कांस)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाह करने के निर्देश दिए।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उत्तरदायी, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा जनसुनवाई का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुँचाना है। पटेल ने कहा जनसुनवाई केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन की आधारशिला है, जिसमें नागरिकों की भागीदारी और विश्वास सर्वोपरि है। उन्होंने कहा सरकार द्वारा जन सरोकार से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संपादित किए जा रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा हमारा हरसंभव प्रयास रहता कि किसी भी व्यक्ति को प्रशासनिक जटिलताओं के कारण अनावश्यक परेशान न होना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिवेदनाओं के समाधान शीघ्र, पारदर्शी और संतोषजनक तरीके से करें। पटेल ने कहा कि जनहित से जुड़ी हर छोटी-बड़ी समस्या पर संजीदगी से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना तथा इनके बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

स्कूल क्रमोन्नयन पर जताया आभार

राजकीय विद्यालय लुणावास चारणान के उच्च प्राथमिक विद्यालय का उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नयन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, शिक्षा मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री का आभार जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि अब हमारे गांव के बच्चों को उच्च अध्ययन के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।

विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

जनसुनवाई में राजस्व, शिक्षा, पंचायतीराज, डिस्कॉम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग,जोधपुर विकास प्राधिकरण और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। धवा पं.स. सदस्य मानाराम गर्ग, लुणावास चारणान उप सरपंच गोपाराम, छोटू सिंह, छोटूदान,खानाराम देवासी, जोगाराम भील, शैतान सिंह सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पटेल सोमवार, 7 जुलाई को प्रातः 9 से 10.30 बजे तक सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात करेंगे। वे प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक लूणी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। श्री पटेल दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे और दोपहर 2.35 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

24.82 करोड़ रुपये के सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

जोधपुर, (कांस)। संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र लूणी के रोहिचा खुर्द में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण के 24 करोड़ 82 लाख 83 हजार रूपये के सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकरण की दिशा में अनवरत कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा विकसित सड़क तंत्र आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति का सशक्त माध्यम बनेगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस बजट में प्रदेश में सड़कों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 6 हजार 870 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए है। उन्होंने कहा 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक उन्नति का मार्ग परस्त होगा और आधुनिक सड़क तंत्र से राष्ट्र के संसाधनों की बचत होती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए वर्षों से लम्बित परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता किया गया है। पटेल ने कहा कि लिफ्ट कैनाल के तृतीय फेज और जवांई पुनर्भरण परियोजना के पूर्ण होने पर जोधपुर जिले में समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा।

पटेल ने कहा कि राजस्थान वर्ष 2027 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और किसान भाइयों को दिन में बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 132 केवी के दो और 33 केवी के एक जीएसएस का कार्य पूर्ण होने पर लूणी क्षेत्र में बिजली की समस्या का स्थाई समाधान होगा।

पटेल ने कहा कि क्षेत्र काश्तकारों के आदान-अनुदान के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो गया है और लूणी क्षेत्र के किसानों के बैंक खातों में 68 करोड़ रुपये की अनुदान राशि शीघ्र जमा होगी। उन्होंने कहा मूंग और बाजरा के फसल बीमा का भुगतान भी कंपनी द्वारा जल्दी ही किया जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक गिव अप अभियान के तहत 22 लाख लाभार्थियों ने एनएफएसए योजना का लाभ स्वेच्छा से छोड़ा है। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से प्रदेश में 51 लाख नए पात्र लाभार्थियों को योजना में शामिल किया गया है।

ग्राम रोहिचा खुर्द से दुन्दाड़ा तक डामर सड़क निर्माण कार्य (5.70 किमी), लागत राशि 1 करोड़ रुपये। रोहिचा फाटा से उत्तेसर तक सड़क निर्माण कार्य (12 किमी), लागत राशि 17 करोड़ रुपये। ग्राम रोहिचा खुर्द से सिनली सरहद एवं ग्राम सिनली से रोहिचा खुर्द सरहद तक डामर सड़क निर्माण कार्य (10 किमी),लागत राशि 431.08 लाख रूपये। ग्राम दुन्दाड़ा से पिपरली तक डाकर सड़क निर्माण कार्य (6.10 किमी ,लागत राशि 251.75 लाख रूपये।

निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

संसदीय कार्य मंत्री ने दुन्दाड़ा से शुभदंड सड़क के निर्माणाधीन कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता के साथ तय समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में धवा प्रधान गोविंदराम, जि.प. सदस्य चैनाराम पटेल, पूर्व कुलपति डॉ गुलाबसिंह चौहान नरपतसिंह,श्रवण पटेल, राकेश बिश्नोई, उत्तम सिंह, पोलाराम सुथार, प्रहलादराम डांगी, छोटू सिंह, नाथूसिंह, जेडीए के अधिशाषी अभियंता सुबोध माथुर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मोहम्मद शरीफ सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मातमी पर्व मोहर्रम मनाया

जालोर शहर में मोहर्रम पर्व पर ताजिया निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिले में हजरत इमाम हुसैन र् अ.स.की शहादत में रविवार को मातमी पर्व मोहर्रम अकीदत व एहतराम के साथ मनाया। मोमिनो ने हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदो को याद किया गया।

जालोर में शनिवार रात्रि को मोहर्रम पर्व को लेकर ताजिया निकाला गया। ताजिया के समक्ष मोमिनों ने अकीदत के फूल पेश कर ईमाम हुसैन व कर्बला के शहीदो की शहादत को याद किया। अली व बरकतुल्ला वर्जिस क्लब के अखाड़ों के युवाओं कई हैरत अंगेज करतब दिखायें ताजिया का जुलूस वीरमदेव चौक, गांधी चौक, तिलकद्वार के अंदर , घांचियो की पिलानी होते हुए पुन सांडवाब के पास पहुंचा। रात भर मोमिनों ने कर्बला के शहीदों को याद किया व गमगीन नजर आये। कई जगह शरबत, पानी , चाय आदि की व्यवस्था की गई।

रविवार को सांडबाव से ताजिया का जुलूस निकाला गया। ताजिया के समक्ष मोमिनो ने लोट, आदि कर अपनी आस्था प्रकट की। मोहर्रम पर्व को लेकर मोमिनों ने मर्सिया पढ़कर उनके हक, सत्य का मार्ग, त्याग व बलिदान को याद किया। मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा माकूल व्यवस्था की गई। ताजिया के समक्ष लोगों ने मन्नत मांगी व दुआ आदि पढ़कर कर्बला की शहादत को याद किया।

बड़ी पोल के बाहर ताजिया के समक्ष लोगों ने अकीदत के फूल पेश किये। आशूरा के दिन मोमिनों ने घरों में कुरान ए तिलावत, रोजा आदि रखे। जालोर शहर सहित जिलेभर में मोहर्रम का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया।

जुलूस निकाला

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर में आज मुस्लिम समाज ने ताजिये का पर्व गमगीन माहौल में मनाया।

पाली जिला मुस्लिम समाज के कार्यक्रम संयोजक शकील अहमद नागौरी ने बताया की रविवार दोपहर 3 बजे पीठ का मोहर्रम केरिया दरवाजा से लाइसेन्सदार हाजी मोहम्मद उमर लोहार के नेतत्व में अपने मुकाम से रवाना हुआ। पाली जिला मुस्लिम समाज के जॉइंट सेकेट्री हसन भाटी, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के मेला संयोजक मोहम्मद रफ़ीक अब्बासी ने बताया कि जुलुस में अखाडा मीर अजीम घोसी वाड़ा लाईसेंसदार सलमान रोशन अली मोयल ,व् उस्ताद चाँद मोहमद घोसी अखड़ा शेख चिराग के लाइसेन्सदार हाजी फकीर मोहम्मद चढ्वा जंगीवाड़ा के लाइसेन्सदार हाजी गुलाम नबी पिंजारा भेरूघाट के अब्दुल सत्तार पठान ,मोहम्मद फारूक पठान की सरपरस्ती में अखाड़े के शगिर्दो ने हैरत अंगेज करतब दिखाए।

मुस्लिम समाज कार्यक्रम संयोजक शक़ील अहमद नागौरी ने बताया कि रास्ते में हिन्दू-मुस्लिम श्रद्धालुओं में मोहर्रम के नीचे से गुजरने की होड़ मची रही। जगह जगह श्रद्धा अनुसार मोहर्रम पर फूल माला, नोटों,के सेहरा, सूखे मेवों के सेहरा, मिठाई का नजराना पेश कर खुशहाली की दुआ मांगी। जुलुस के समापन पर जिला मुस्लिम समाज सदर मोहम्मद हकीम, हाजी मेहबूब टी , मोहम्मद सलीम मिस्कीन , राजू भाई रंगरेज , मेहबूब भाई धानवाला , हाजी युनश मोगी , हाजी रियाज अली ,हाजी मोहम्मद अल्ताफ, हाजी याकूब साहब द्वारा 1100 दूध की छबील मोहब्बत का शर्बत मुस्लिम समाज में वितरित की।

चौरड़िया भवन में चार्तुमास प्रवचन

जोधपुर, (कांस)। चौरड़िया भवन में चार्तुमास विराजित तत्व चिंतक सुमति मुनि मसा में अपनी देशना में करेमि भंते का महत्व बतलाते हुए कहा कि श्रावक व साधु सामायिक करेमि भंते के पाठ से लेते है। साधु सामायिक चारित्र एवं श्रावक का सामायिक व्रत कहलाता है। दीक्षा को देखकर शिक्षा व्रत आता है।

उन्होंने कहा कि श्रावकों को समय निकालकर सामायिक करनी चाहिये। हमारी श्रद्धा एवं मान्यता तो सामायिक के प्रति है, लेकिन हम अवसर एवं समय का ध्यान नहीं रखते। सभी स्वजन-परिजन को प्रेम पूर्वक वात्सल्यभाव रखकर सामायिक से जोड़ने पर साधार्मिक सेवा का लाभ मिलता है। संसार में घटना, व्यवहार एवं वातावरण बदलता रहता है। कल्याण तो परमात्मा, गुरु एवं धर्म की शरण से ही होगा।

इससे पूर्व महासतीजी नगीना श्रीजी म.सा ने संयम मार्ग में हिम्मत बढ़ाने की प्रेरणा का आव्हान किया। कल हुई दीक्षा का दृश्य आपके मानसपटल एवं आत्मा में संयम के भावों को रेखांकित किया। घर में रहकर संयम की तैयारी नहीं होती है।

लोगों ने पौधारोपण किया

जालोर के हब्शीयान मस्जिद क्षेत्र में पौधरोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को मोहर्रम पर्व पर इमाम हुसैन की याद में यौमे आशुरा के दसवें दिन हब्शीयान मस्जिद जालोर में मुस्लिम समाज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम संयोजक खुर्शीद अहमद ने बताया कि रविवार के दिन यौमे आशुरा के 10वे दिन यानी इमाम हुसैन की शहादत का दिन जो इंसाफ और हक के लिए शहीद हो गए।

इसी दिन हब्शीयान मस्जिद में मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम पर्व पर चमेली, मोगरा , कनेर समेत 5 पौधे लगाए गये।

पौधारोपण से पर्यावरण स्वच्छ एव हरा भरा रहता है पौधारोपण एक सामाजिक जिम्मेदारी है। लोगों को पौधारोपण करने के बारे में जागरूक किया गया और पौधारोपण करने का महत्व बताया।

साथ ही लोगों से अधिक अधिक पौधारोपण करने की अपील की गई।

इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता शहजाद खान हब्शी, प्रिंसिपल फिरोज खान, अमजद खान, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, मौलाना सुल्तान सिद्दीकी, सेवानिवृत कर्मचारी शाकिर अली,कासम खान और जावेद खान सहित लोग मौजूद थे।

रामदेव रोड स्थित रांकावत वैष्णव समाज भवन पाली में आयोजित शिविर में 300 यूनिट रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं व सहयोगियों का आयोजकों ने स्वागत सम्मान किया। भामाशाह परिवार संपत माधवत ने स्वर्गीय मास्टर हीरा दास सुंदर दास की स्मृति में सातवां रक्तदान शिविर का आयोजन किया। पूर्व विधायक ज्ञान चंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, लूणी पट्टी अध्यक्ष शिवदास चंदलाई, रानी संस्था अध्यक्ष राम चंद्र रामीणा, सोजत पट्टी अध्यक्ष झूमर दास पेशवा, बिलाड़ा पट्टी नवयुवक मंडल अध्यक्ष किशन दास बोरावड़ की उपस्थिति रही। फोटो-राष्ट्रदूत

गाजन माता के जयकारे गूंजे

पाली, (नि.सं.)। पाली से करीब 16 किलोमीटर दूर केरल गांव की पहाड़ी पर स्थित गजानन माता मंदिर में गाजन माता के प्रकट दिवस के उपलक्ष में पाली शहर से बजरंग बाग से सुबह 5 बजे पैदल संघ रवाना हुआ।

सुबह धर्मेंद्र सैन, प्रकाश परिहार, जगदीश परिहार, रतन प्रजापत, किशन राव, लक्ष्मण डूंगरी, नीलेश दवे के नेतृत्व में भक्त गाजण माता मन्दिर पहुंचे और वहां से ज्योत पाली लेकर आए। केसरिया ध्वज हाथ में लहराते श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। महिलाएं डीजे की धुन पर नाचती दिखी। बजरंग बाग से सूरजपोल, सोमनाथ, भेरू घाट रामदेव रोड, हाउसिंग बोर्ड घूमती होते हुए संघ गाजन माता मंदिर पहुंचा। जहां भक्तों ने माता के दर्शन कर खुशी की कामना की इसके बाद नीचे बने पंडाल में महाप्रसाद का आयोजन और भजन संध्या का आयोजन हुआ।

विचार गोष्ठी आयोजित

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक संजीव कुमार ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति में 64 कलाओं के साथ 14 विधाओं की भी शिक्षा दी जाती थी। रोजगारमुखी होने के साथ संस्कारवान भी बनाती थी। हमारी शिक्षा पद्धति में वैदिक गणित, गणित और विज्ञान सहित सभी विधाओं का समावेश था। वे जालोर के जिला परिषद सभागार में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जोधपुर प्रांत के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के नाते बोल रहे थे।

मुख्य वक्ता संजीव कुमार ने अपने उदाहरणों सहित पौराणिक शिक्षा की वैज्ञानिकता के बारे में बताया। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास जोधपुर प्रांत के प्रांत संयोजक संदीप जोशी ने न्यास के स्थापना की पृष्ठभूमि एवं न्यास के गतिविधियों और कार्य विभाग की जानकारी दी। उन्होंने बदलते हुए समय में विद्यार्थियों के सामने चुनौतियों का उल्लेख कर समाधान में शिक्षा व शिक्षकों की भूमिका का उल्लेख किया। प्राचार्य अर्जुनसिंह उज्ज्वल ने विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर संस्कारवान शिक्षा देने पर जोर दिया। न्याय के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी का संदेश पढकर सुनाया गया। संचालन एडवोकट अश्विन राजपुरोहित ने किया। आभार न्यास के शांतिलाल दवे ने ज्ञापित किया।

इस अवसर पर किशोर सिंह राजपुरोहित, तेनसिंह परमार, कल्पेश बोहरा, मुकेश सुंदेशा, अजय गुप्ता, सुरेंद्र नाग, मोहनलाल परिहार, जितेंद्र जालोरी, मनीष ठाकुर, अधिवक्ता प्रवीण घांची, बसंत ओझा, मोहनलाल बोहरा, मुकेश सोलंकी, ईश्वर सिंह, पदमाराम चैधरी, परमानंद भट्ट, ललित कुमार दवे, गोपाल सिंह सांकरणा, नरेंद्र बोहरा, नाथाराम भाटी, करणसिंह , ललित ठाकुर, दिनेश कुमार भट्ट, गणपत सिंह मंडलावत, दीप सिंह दूदवा, राजू त्रिपाठी, दिनेशसिंह नोरवा, कांतिलाल राजपुरोहित, मंजू सोलंकी, अर्चना गहलोत, राजशेखर गर्ग सरदार सिंह चारण अशोक गुर्जर जुगल दवे अमित दवे ललित कुमार हितेश कुमार अनिल प्रजापत पूरनसिंह विजय भंडारी महबूब खान, चतराराम, पोकरमल दाधीच, राजेन्द्र सिंह काबावत,प्रमोद दवे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

रियल एस्टेट विकास सेवा संस्था जालोर की बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। रियल एस्टेट विकास सेवा संस्था जालोर की बैठक व स्नेह मिलन समारोह रविवार को अध्यक्ष गजेंद्र सिंह बादनवाडी की मौजूदगी में आयोजित हुआ।

जिसमें संस्थान के उद्देश्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में गजेंद्रसिंह बादनवाडी ने कहाँ कि संगठन में शक्ति होती हैं। इसलिए सभी संगठित रहकर एक दूसरे की मदद करेंगे। बैठक में कार्यकारणी का विस्तार किया।

इस दौरान पुष्पराज बोहरा ने कहा कि रियल एस्टेट के कार्य के साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना भी जरूरी है। एक मकान या प्लॉट पर दो पौधे जरूर लगाए। ताकि हरियाली हो। शंकर सिंह बगेडिया ने जालोर के स्वर्ण गिरी पर्वत पर बीजारोपण की बात कही। इस दौरान वरिष्ठ पदाधिकारी नारायणलाल भट्ट, उमाकांत गुप्ता, माधो सिंह बोकडा, तरुण गहलोत, योगेश दवे, हरीश गहलोत, शेर सिंह सिसोदिया, वेलाराम माली ने भी विचार व्यक्त किए।

बैठक में जालोर शहर के विकास और समस्याओं के समाधान पर भी कार्य करने की बात कही। बैठक में शहर के हित में कार्य करने का संकल्प भी किया गया। कार्यकारिणी विस्तार करते हुए संरक्षक पद पर पुष्पराज बोहरा, नारायणलाल भट्ट, उमाकांत गुप्ता और माधो सिंह बोकडा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शंकरसिंह बगैडिया और प्रागसिंह, उपाध्यक्ष पद पर वेलाराम माली, शेरसिंह सिसोदिया, सुरेश चौधरी और ललित महावर, सचिव पद पर रमजान खान पठान खेजडला, कोषाध्यक्ष फूलाराम प्रजापत, विधि सलाहकार तरुण गहलोत, योगेश दवे और साबिर सिलावट, संगठन मंत्री जालम सिंह गुर्जर, चंपालाल माली, विजय कुमार, प्रेमप्रकाश माली, अशोक माली, सह संगठन मंत्री ओम प्रकाश माली, मंगलाराम माली और हजाराम प्रजापत, मीडिया प्रभारी महावीरसिंह और यशवंत मेवाडा हैप्पी को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन तरुण गहलोत और योगेश दवे ने किया।

इस दौरान पुष्पराज बोहरा, नारायण लाल भट्ट, गजेंद्रसिंह बादनवाडी, तरुण गहलोत, उमाकांत गुप्ता, बजरंग सिंह बागरा, ओबाराम देवासी, महेन्द्र मुनोत, परमवीरसिंह, विकेंद्र सिंह नरसाना, पुखराज आंवलौज, फुलाराम प्रजापत, लक्ष्मण सांखला, सुरेश चौधरी थावला, अर्जुन चौधरी, विजय भाई, रमजान भाई, भेरुसिंह गुर्जर, मंगलाराम सोलंकी, योगेश दवे, हरिसिंह राव, हरीश गहलोत, दिनेश गोयल, बसंत सुथार, ओम माली, दिनेश गहलोत, हेमेंद्र परमार, जेठूसिंह, राजू सोनी, प्रवीण सुथार, नैनाराम देवासी हंजाराम समेत कई लोग उपस्थित थे।